हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

ग्रुप फोक डांस में राजकीय कन्या वमावि नरवाना की... 11



तीन लाख से अधिक प्रतिभागी करवा चुके पंजीकरण 11



## खबर संक्षेप

### सत्रह लाख रुपये हड़पने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने अस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर 17 लाख रुपये हड़पने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गांव दनौदा कलां निवासी अमित ने 13 सितंबर 2024 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह अक्टूबर 2022 में स्टडी वीजा पर सिंगापुर गया हुआ था।

### अटेला में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आज

**कैथल।** जिला प्रशासन द्वारा 24 अक्टूबर को गांव अटेला में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रात्रि ठहराव में डीसी प्रीति व एसपी उपासना सहित अन्य अधिकारियों द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा और उनका मौके पर ही समाधान किया जाएगा। बताया कि सभी विभागों के अधिकारी रात्रि ठहराव कार्यक्रम में पूरी तैयारी के साथ मौजूद रहेंगे।

### बैंक खाते से 5.72 लाख गायब, धोखाधड़ी का केस

**जींद।** क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाने के लिए जानकारी जुटा साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को पांच लाख 72 हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धर्मसिंह कालोनी निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### राष्ट्रीय ई-गवर्नेन्स पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**कैथल।** ई-गवर्नेंस के कार्यान्वयन क्षेत्र में उत्कृष्टता की पहचान करने और इसे बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार प्रदान करती है। योजना के तहत नामांकन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर, 2025 है। यह जानकारी डीसी प्रीति ने दी। योजना में वर्णित पात्रता मानदंडों के अनुसार विचारण के लिए 7 श्रेणियो में नामांकन मांगे गए हैं।

### चार पशु छीनने पर नौ लोगों पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव भिड़ताना में धान से भरी ट्रैक्टर ट्राली छीनने तथा चार भैंस जबरन ले जाने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव भिड़ताना निवासी परमजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव के ही रोहताश परिवार से रंजिश चली आ रही है। गत दिवस रोहताश तथा उसके परिजन उसे रास्ते मे घेर लिया।

### अस्सी हजार साइबर ठगी मामले में 3 आरोपी काबू

**कैथल।** पुलिस द्वारा आमजन को साइबर अपराधों से बचाव बारे वहीं पर जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों पर शिकंजा भी कसा जा रहा है। ऐसे ही फेसबुक पर विज्ञापन देखकर एक युवक से कुवैत भेजने के नाम पर 80 हजार रुपए ठगी करने के मामले की जांच दौरान थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### सड़क हादसों में दो व्यक्ति घायल, केस

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गए। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली निवासी सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जम्मू कटरा नेशनल हाइवे पर ट्रक लेकर जा रहा था।

### चार युवक सोने की अंगूठी लेकर फरार

**कैथल।** जाट स्कूल ग्राउंड के निकट से चार युवक व्यक्ति की सोने की अंगूठी छीन कर फरार हो गए। अमरगढ़ के महेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 को जब वह जाट स्कूल ग्राउंड के निकट से जा रहा था तो चार-पांच युवकों ने उसके साथ जबरदस्ती करते उसकी सोने की अंगूठी छीन कर फरार हो गए।

## दीपावली के बाद जींद की हवा लगातार जहरीली हो रही

# प्रदूषण का कहरः एक्यूआई बढ़ने से सांस के रोगियों की ओपीडी 20 प्रतिशत बढ़ी

### सांस लेने में परेशानी होने पर बिना देरी के इलाज करवाएं : डा. विनिता

**गुरुवार को जींद का एक्यूआई 207 रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

दीपावली के बाद से हवा लगातार जहरीली हो रही है। बेतहाशा पटाखे फोड़े जाने और खेतों में फाने फूंकने के चलते एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) श्रेणी 200 से ऊपर चल रहा है। वीरवार को एक्यूआई 207 रहा। जिसका असर यह हुआ है कि अस्पताल में सांस संबंधी बीमारियों के मरीजों की संख्या में इजाफा हो गया है। मात्र दो दिनों में ही सांस के रोगियों की ओपीडी में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही आंख में पानी आना व सांस लेने में तकलीफ, गले में खराश को लेकर मरीज उपचार के लिए आ रहे हैं। जिन्हें चिकित्सकों द्वारा बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। 180 से 240 तक आ रहे सांस के मरीजः जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो दीपावली से पहले दिनों में औसतन 150 सांस संबंधी मरीज ओपीडी में आते थे। लेकिन अब यह संख्या 180 से 230 तक पहुंच गई है। ज्यादातर मरीज अस्थमा, खांसी और सांस फूलने की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि पर्यावरण प्रदूषित होने का असर आमजन पर पड़ रहा है। जिससे लोग बीमार हो रहे हैं। दीपावली पर्व पर हुई आतिशबाजी व खेतों में लगातार पराल जलाने के मामले सामने आने से सांस के रोगियों की परेशानी बढ़ी है। अस्थमा एक सांस संबंधी बीमारी है। जिसमें फेफड़ों की वायु नलिकाएं संकुचित, सूज जाती हैं। जिससे सांस लेने में तकलीफ होती है। वहीं मौसम में बदलाव, प्रदूषण, धूल, परागकण, धुआं या तनाव इसकी गंभीरता को बढ़ा दिया हैं। वहीं मौसम में बदलाव की शुरूआत है और अभी से सांस की बीमारी, एलर्जी, सर्दी, खांसी, जुखाम के मरीज बढ़ गए हैं। यह हैं लक्षण सांस लेने में कठिनाई, सांस लेने या छोडऩे में घरघराहट, खांसी, छाती में जकडऩ, घरघराहट, थकान और कमजोरी, नींद में परेशानी, एलर्जी से संबंधित लक्षण जैसे नाक बहना, छींक आना या त्वचा पर चकत्ते दिखाई दे सकते हैं। होंठ या नाखून नीले पड़ना जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सक से उपचार करवाएं।



जींद। ओपीडी में सांस के रोगियों का उपचार करते डा. विनिता। फोटो :हरिभूमि

**ऐसे करें बचाव**

धूल, धुआं, परागकण और ठंडी हवा से बचाव करें। मास्क का उपयोग करें। इन्हेलर का उपयोग डॉक्टर की सलाह से करें। नियमित व्यायाम, स्वस्थ आहार और तनाव प्रबंधन से इम्यूनिटी मजबूत करें। मौसम के बदलाव में सावधानी बरतें और डॉक्टर की सलाह पर नियमित जांच करवाएं।

**बीमार लोग ज्यादा प्रभावित हो रहे**

नागरिक अस्पताल की फिजिशियन डा. विनिता ने बताया कि प्रदूषण के कारण फेफड़ों में सूजन और एलर्जी बढ़ रही है। खासकर बच्चे, बुजुर्ग और पहले से बीमार लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। जिससे सांस के रोगियों की ओपीडी 20 प्रतिशत तक बढ़ी है। मरीजों को सलाह दी जा रही है कि वे बिना देरी के इलाज करवाएं। मास्क का इस्तेमाल करें। सांस के रोगी संभव हो तो बाहर न निकलें, खासकर सुबह 6 से 10 बजे और शाम पांच से आठ बजे के बीच घरों में ही रहें। खिड़कियां व दरवाजे बंद रखें। विटामिन सी से भरपूर फल, सब्जियां खाएं और पौष्टिक आहार लें। जॉगिंग या आउटडोर एक्सरसाइज से बचें। योग या इनडोर व्यायाम करें।



कलायत। अनाज मंडी में व्यापारियों से बातचीत करते थाना प्रबंधक सतपाल।

## कलायत अनाज मंडी में धान उठान को लेकर स्थिति बन रही तनावपूर्ण

**टेंडर अनुसार वाहनों को बिना किसी गतिरोध के उठान करने दिया जाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत अनाज मंडी में धान उठान को लेकर लगातार स्थिति तनावपूर्ण बनती जा रही है। आढ़ती इस पक्ष में हैं टेंडर अनुसार वाहनों को बिना किसी गतिरोध के उठान करने दिया जाए। जबकि निजी माल ढुलाई वाहन चालकों ने अपना एक कार्यालय पिछले कुछ दिन पहले मंडी में स्थापित किया। इनकी मांग है कि बाहर की बजाए उनके वाहनों को उठान में लगाया जाए। इसको लेकर दोनों पक्षों में तकरार है। इसके चलते आढ़तियों ने मंडी में खरीद कार्य बंद कर अग्रवाल धर्मशाला में आपात बैठक बुलाई। इसमें पूर्व मंडी प्रधान सुनील गर्ग, रणधीर चहल, प्रताप गुहणा, अशोक कंसल, पवन कौलेखां, आढ़ती एसोसिएशन प्रधान सुनील कुमार व अन्य आढ़तियों ने ट्रक यूनियन के नाम पर खोले गए कार्यालय के कुछ वाहन चालकों द्वारा परेशान करने के आरोप लगाए। उन्होंने कि एजेंसी की तरफ से धान उठान के लिए वाहनों को अलाट किया गया है।

**नहीं बिगड़ने दी जाएगी व्यवस्था**

थाना प्रबंधक सतपाल पोसवाल ने बताया कि धान उठान के नाम पर निजी वाहन चालकों द्वारा परेशान करने के संबंध मे जो शिकायत आढ़तियों ने दी है उसे संजीदगी से लेते हुए पुलिस बल ने अनाज मंडी का दौरा किया है। किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। पुलिस निरंतर मंडी में उठान से जुड़ी यातायात व्यवस्था बनाने में सहयोग करेगी।

**निजी वाहन चालक बोले-हम गलत नहीं**

निजी वाहन संचालकों का कहना है कि उन्होंने किसी प्रकार की यूनियन का गठन नहीं किया। वे भाईचारा का संदेश देते मंडी में रोजगार करना चाहते हैं। धान उठान के नाम पर दूसरा पक्ष न केवल ओवर लोडिंग कर रहा है बल्कि ट्रैक्टरों को भी कट्टों की ढुलाई में चोटी लगाकर इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे किसान, मजदूर, व्यापारी व आम आदमी के साथ किसी प्रकार का हादसा हो सकता है।

## शहीदों से प्रेरणा लेने का दिया संदेश

- पुलिस ने पांच अमर शहीदों की गौरव-गाथा को किया प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

देश के लिए कर्तव्य पालन करते हुए शहीद होने वाले अमर शहीदों की गौरव-गाथा को उनके गांव कस्बों तथा शिक्षण संस्थानों में जाकर प्रदर्शित किया गया। नागरिकों तथा शिक्षण संस्थानों में मौजूद बच्चो को देश सेवा के लिए वीरगति को प्राप्त होने वाले अमर शहीदों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। नागरिकों व पुलिस को कर्तव्य पालन के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आगे भी विभिन्न तरीकों द्वारा निरंतर जारी रखा जाएगा। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डीएसपी बीरभान व वेलफेयर इंस्पेक्टर वेदपाल की टीम द्वारा जाजनपुर में सरकारी स्कूल में शहीदों के योगदान को प्रदर्शित किया गया। बताया गया कि 31 मार्च 1989 को डीएसपी राव रणबीर सिंह की गाड़ी पर अंबाला में उग्रवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले दौरान उग्रवादियों से मुकाबला करते डीएसपी की गाड़ी के चालक सिपाही रामसिंह निवासी जाजनपुर कर्तव्य पालन की बेदी पर वीरगति को प्राप्त हो गए थे।



कैथल। विद्यार्थियों को संबोधित करते डीएसपी। फोटो : हरिभूमि

### सड़क हादसे में एक युवक की जान गई

**कैथल।** कैथल के कलायत में मटौर रोड पर बाइकक चालक ने सड़क पर जा रहे एक युवक को टक्कर में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वह अपने घर से मटौर रोड की ओर गया था। वहीं पर शहर के बाहर यह दुर्घटना हुई। इस संबंध में मृतक युवक के भाई ने कलायत थाना में शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कलायत के मोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 5 अक्टूबर को उसका भाई तुषाल शहर के मटौर रोड पर जा रहा था। जैसे ही वह शहर के बाहर पहुंचा तो बाइक चालक ने टक्कर मार दी।

### भाई-बहन का प्यार...भैया दूज



सीवन। भैया दूज पर अपने भाई को तिलक करती बहन। फोटो :हरिभूमि

### सब इंस्पेक्टर लगवाने का झांसा देकर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने हरियाणा में सब इंस्पेक्टर लगवाने का झांसा देकर दो लाख 30 हजार रुपये हडपने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गांव उचाना कलां निवासी सोमबीर ने 16 जून 2024 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी गांव गामडा हिसार निवासी राहुल से वर्ष 2014 से जान पहचान रही है। परिवारिक तौर पर भी एक दूसरे के घर आना जाना रहा है। राहुल ने बताया कि उसकी एचएसएससी में काफी जान पहचान है। वह उसे हरियाणा में सब इंसपैक्टर की नौकरी लगवा देगा। जिसको लेकर उसने अपने पिता तथा पत्नी से बात करवाई और बताया कि राहुल तथ मास्टर गुरमीत नौकरी लगवाने का काम करते हैं। जिसकी एवज में उन्होंने डेढ़ लाख रुपये की डिमांड की।

## रोहित शर्मा ने परीक्षा पास कर पाया ऑल इंडिया में 12वां रैंक

- हाल में चेन्नई में जीएसटी एंड कस्टम टैक्स में असिस्टेंट के पद कार्यरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

आढ़ती सतबीर शर्मा खरड़वाल का बेटा रोहित शर्मा दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर चयनित हुए। एसएससी सीपीओ दिल्ली पुलिस (एसआई) परीक्षा में ऑल इंडिया में 12वां रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। रोहित शर्मा हाल में चेन्नई में जीएसटी एंड कस्टम टैक्स में असिस्टेंट के पद कार्यरत है। इससे पहले एयर फोर्स, एसएससी क्लर्क का एग्जाम भी वो पास कर चुका था। अब दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर के तौर पर चयनित हुआ है। पहली से 7वीं तक की पढ़ाई जीवीएम स्कूल उचाना मंडी, 8वीं से 12वीं तक की पढ़ाई गुरूकुल कुरूक्षेत्र बीए दिल्ली यूनिवर्सिटी से की। शुरू से ही पढ़ाई में रोहित शर्मा होशियार था। इस उपलब्धि पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री, मंडी प्रधान विकास पंघाल, मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग, पवन अत्री ने परिवार को बधाई देते हुए कहा कि रोहित शर्मा ने क्षेत्र का नाम पूरे देश में रोशन करने का काम किया है।



रोहित शर्मा।



राजौंद। निकासी न होने के कारण सड़क पर भरा गंदे पानी का दृश्य।

### दूषित पानी की निकासी न होने से आमजन परेशान

**राजौंद।** गांव खेड़ी सिंबल वाली में सड़क पर पानी निकासी न होने के कारण लोगों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ रही है। आलम यह है कि पानी निकासी न होने से सड़क भी टूट चुकी है और सड़क से खाली गुजरना भी मुश्किल हो गया हो चुका है। इस बारे किसान महेंद्र सिंह ने बताया कि पानी निकासी न होने से उसकी आधा एकड़ फसल कई बार खराब हो जाती है। क्योंकि सारा रोड व गांव से आने वाला गंदा पानी उसके खेत में भर जाता है, जिससे उसकी फसल भी कई बार खराब हो चुकी है।जबकि उसने इसकी शिकायत सी एम विंडो में भी की हुई है। लेकिन लंबा समय बीतने के बावजूद भी उनकी समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। जिसका खामियाजा उनके साथ-साथ मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भी भूगतना पड़ रहा है। प्रशासन से मांग की है कि संबंधित विभाग शीघ्र कार्यवाही करें।

## दो डेंगू और एक चिकनगुनिया की रिपोर्ट मिली पॉजिटिव

- जींद में वीरवार तक डेंगू का आंकडा 52 तो चिकनगुनिया के छह हुए केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

स्वास्थ्य विभाग को वीरवार को जिले में डेंगू की दो पॉजिटिव व एक चिकनगुनिया की रिपोर्ट मिली है। जिसके चलते जिला में डेंगू मरीजों की संख्या 52 व चिकनगुनिया के छह मामले हो चुके हैं। वहीं तीन मामले मलेरिया के भी स्वास्थ्य विभाग को मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग को जो रिपोर्ट मिली है उसमें रामराये निवासी 40 वर्षीय व्यक्ति, अर्बन एस्टेट का 39 वर्षीय व्यक्ति शामिल है। इसके अलावा हनुमान गली निवासी 55 वर्षीय महिला शामिल है। स्वास्थ्य विभाग ने आसपास क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। डेंगू व मलेरिया के नोडल अधिकारी डा. बिजेंद्र ढांडा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग डेंगू व मलेरिया की जांच मुफ्त करता है।



जींद। लार्वा की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी।



राजौंद। घर मार्केट में बैठे बंदर। फोटो : हरिभूमि

### प्रशासन से बंदरों से निजात दिलाने की गुहार लगाई

**राजौंद।** पिछले दिनों नगर पालिका द्वारा बंदरों को पकड़ कर जंगल में छोड़ने की कार्रवाई की गई थी जो पूरी तरह फेल साबित हुई है। बंदर पकड़ने के लिए केवल खानापूर्ति पूरी की गई है। बंदरों का आतंक इस तरह है कि नागरिक इन बंदरों से पूरी तरह परेशान हो चुके है। नगर के लोगों ने बताया कि वह अपने घर की छतों पर कपड़े तक सुखाने नहीं जा सकते। बंदर कपड़े उतार कर फाड़ देते हैं या कपड़े लेकर भाग जाते हैं। बंदर घर की रसोई में घुसकर खाने पीने की चीजें उठा ले जाते हैं। उनको रोकने का प्रयास किया जाए तो काटने को दौड़ते हैं। आए दिन घरों की छतों पर बंदरों का झुंड देखा जा सकता है। नागरिक कुलबीर, राजेश शर्मा, रामफल, कुलदीप, अशोक, रमन, अमन,जतिन, जय देव ने बताया कि बंदर घरों में काफी नुकसान कर रहे है। कई नागरिक बंदरों के कारण चोटिल भी हो चुके हैं। इन लोगों ने बताया कि कई बार नगर पालिका व जिला प्रशासन को बंदरों की समस्या से अवगत करवाया जा चुका है लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा। नागरिकों ने प्रेस के माध्यम से नगर पालिका व जिला प्रशासन से बंदरों से निजात दिलवाने की गुहार लगाई है।

## विधायक ने मंडी का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश

# यूपी से धान लाने-बेचने पर ₹1 लाख जुर्माना लगेगा

**किसानों-आढ़तियों की समस्याएं सुन समाधान के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

हलका विधायक सतपाल जांबा ने अनाज मंडी पूंडरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी आढ़तियों, किसानों और खरीद एजेंसियों के अधिकारियों के साथ बैठक कर मंडी की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने किसानों व आढ़तियों की समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए मौके पर ही सख्त निर्देश दिए। विधायक जांबा ने मंडी प्रधान जेपी जुड़, राइस मिल एसोसिएशन के प्रधान पुष्पेंद्र, मार्केट कमेटी सचिव गुलाब सिंह और खरीद एजेंसियों के अधिकारियों के साथ विशेष बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी दो दिनों के भीतर मंडी से संपूर्ण धान की खरीद पूरी की जाए, ताकि किसानों को समय पर भुगतान मिल सके। उन्होंने मंडी के ठेकेदार को भी निर्देशित किया कि दो दिन के भीतर मंडी से धान के लिफ्टिंग की व्यवस्था पूरी की जाए, जिससे मंडी परिसर में अव्यवस्था न रहे। जांबा ने चेतावनी दी कि यूपी से यदि कोई आढ़ती धान मंगवाता या बेचता पाया गया, तो उस पर 1 लाख का जुर्माना लगाया जाएगा और उसका नाम सार्वजनिक रूप से उजागर किया जाएगा।



पूंडरी। पूंडरी अनाज मंडी में धान ढेरियों का निरीक्षण करते सतपाल जांबा।

**ये रहे मौजूद**

*उन्होंने बताया कि इससे पूर्व ढांड, पाई और कोल मंडियों का दौरा कर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों में मंडी में पड़ी संपूर्ण धान की खरीद व उठान सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि किसानों को समय पर उनकी राशि प्राप्त हो सके। विधायक ने कहा कि अब खेतों से धान की आवक लगभग समाप्त हो चुकी है, इसलिए प्राथमिकता के आधार पर मंडी में पड़ी धान की खरीद पूरी की जाएगी, ताकि किसानों को राहत और मंडी परिसर में सफाई व सुचारू व्यवस्था बनाए रखी जा सके। इस मौके पर निजी सचिव डॉ बलविंद्र मैहला भी मौजूद थे।*



रोचक / अभिव्यक्ति त्रिवेदी

# वाओ, इट्स अमेजिंग!

बच्चो, देश-विदेश में एक से बढ़कर एक सुंदर इमारतें बनाई गई हैं। इनमें से कुछ तो देखने में बहुत ही अजब-गजब हैं, वास्तुकला का अद्भुत नमूना हैं। इन्हें देखकर अनायास ही मुंह से निकलता है-वाओ, इट्स अमेजिंग! जानो, ऐसी ही कुछ अनोखी बिल्डिंग्स के बारे में।

### बिग बास्केट बिल्डिंग अमेरिका

**अमेरिका के** न्यूयॉर्क में एक अनोखी टोकरीनुमा इमारत है, इसे 'बास्केट बिल्डिंग' के नाम से जाना जाता है। इसका निर्माण लॉन्गबर्गर कंपनी ने वर्ष 1997 में किया था। यह बास्केट बिल्डिंग हाथ से बनी मेपल की लकड़ी की टोकरियों के प्रसिद्ध निर्माता लॉन्गबर्गर कंपनी का मुख्यालय रही है। विश्व की सबसे बड़ी बास्केट बिल्डिंग होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी इस बिल्डिंग के नाम है। इस 7 मंजिला इमारत में नेचुरल लाइट के लिए कांच की छत है। इसके ऊपर दो स्टील के हैंडल लगे हैं, जिनमें से प्रत्येक का वजन करीब 75 टन है। टोकरी के बड़े हैंडल सर्दियों में किसी भी तरह के नुकसान से बचाने के लिए गर्म रखे जाते हैं। इमारत पर दो टैग लगे हैं, जो लॉन्गबर्गर द्वारा बेची जाने वाली हर टोकरी पर लगे लेबल से मिलते-जुलते हैं। *



### साइबरटेक्चर एग बिल्डिंग भारत

**मुंबई में** स्थित जेम्स लॉ साइबरटेक्चर बिल्डिंग का डिजाइन अपने आप में बहुत अनूठा है। इस इमारत को हॉन्ग-कॉन्ग की एक फर्म ने डिजाइन किया है। 13 मंजिला यह कमर्शियल बिल्डिंग अंडे के आकार की है। इस इमारत को बनाने में कंक्रीट, स्टील और ग्लास का इस्तेमाल नहीं किया गया है। इसके ऑफिस का कैंपस 33,000 स्क्वेयर मीटर में बना हुआ है। तीन अंडरग्राउंड लेवल्स में 400 गाड़ियों के लिए पार्किंग स्पेस भी है। अपनी डिजाइनिंग के लिए ही नहीं, अपने एन्वॉयर्नमेंट फ्रेंडली स्ट्रक्चर के लिए भी यह इमारत प्रसिद्ध है। *

### बर्ड्स नेस्ट स्टेडियम चीन



**बीजिंग राष्ट्रीय** स्टेडियम, जिसे बर्ड्स नेस्ट यानी 'चिड़िया का घोंसला' के नाम से भी जाना जाता है। यह पूरी दुनिया में अपनी तरह की एक अनोखी संरचना है। यह चीन के बीजिंग के चाओयांग में ओलंपिक ग्रीन में स्थित एक स्टेडियम है। इस स्टेडियम की क्षमता लगभग 80,000 लोगों की है। यह वर्ष 2008 में बनकर तैयार हुआ था। इस स्टेडियम को खासतौर से 2008 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालिंपिक के लिए डिजाइन किया गया था। *

### गिटार शेप्ड होटल अमेरिका

**अमेरिका के** दक्षिण फ्लोरिडा में स्थित गिटार के आकार का होटल, अपनी तरह का पहला होटल है। अक्टूबर 2019 में इसका निर्माण शुरू हुआ था। यह होटल 35 मंजिला है। यह गिटार होटल दक्षिण फ्लोरिडा में 450 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। दक्षिण फ्लोरिडा के पर्यटन क्षेत्र में इसका अनोखा स्थान है। इसमें 600 से ज्यादा कमरे हैं। रात में इसकी जगमगाती लाइट्स, गिटार के तारों जैसी लगती हैं। *



### बिग पाइनएप्पल ऑस्ट्रेलिया

**बिग पाइनएप्पल,** क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया के सनशाइन कोस्ट क्षेत्र के वूमबी, नैंबोर कनेक्शन रोड पर स्थित एक आकर्षक दर्शनीय बिल्डिंग है। इसे पेडल वॉर्ड और हार्वे, पॉल लफ और गैरी स्मॉलकॉम्ब एंड एसोसिएट्स ने डिजाइन किया था। इसे सनशाइन प्लांटेशन के नाम से भी जाना जाता है। इसको 6 मार्च 2009 को क्वींसलैंड हेरिटेज रजिस्टर में शामिल किया जा चुका है। *



### हाई-हील वेडिंग चर्च ताइवान

**ताइवान के** बुदाई टाउनशिप में यह एक विशाल कांच का चर्च है, जो सिंड्रेला के कांच के जूते के आकार का है। यह हाई-हील वेडिंग चर्च महिला श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से 2016 में बनाया गया था। इसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी हाई-हील के आकार की संरचना के रूप में प्रमाणित भी किया गया है। *



### नोंक पर टिका चर्च कनाडा

**कनाडा के** कैलेग्री में यह चर्च स्थित है। यह देखने में उल्टा लगता है। यह एक नोंक पर टिका हुआ चर्च है। कनाडा आने वाले पर्यटकों के लिए यह आकर्षण का केंद्र है। कनाडा के इस अनोखे चर्च का नाम 'डिवाइस टू रूट आउट डेविल' है। इसका मतलब शैतान या बुराई को जड़ से उखाड़ने के यंत्र से है। इसका निर्माण 2019 में हुआ था। *



बच्चो, किसी पहाड़ की ऊंचाई से गिरते हुए पानी को झरना यानी वाटर फॉल कहते हैं। ऊंचे पहाड़ों से जब तेज गति के साथ पानी गिरता है, तो यह दृश्य बहुत ही मनोरम लगता है। हम तुम्हें अपने देश के तीन सबसे ऊंचे झरनों के बारे में बता रहे हैं।

# देश के तीन फेमस हाईएस्ट वाटर फॉल्स

जानकारी

नयनतारा



बच्चो, झरना यानी वाटर फॉल किसी ऊंचाई से नीचे की तरफ गिर रहा पानी का एक नेचुरल फ्लो होता है। आमतौर पर झरना ऊंचे पहाड़, ऊंची चट्टान या चट्टानी ढलान से नीचे की तरफ गिरता है। जब झरने का यह पानी नीचे की तरफ गिरता है, तो बड़ा ही मनोरम लगता है। अपने देश में ऐसे बहुत से सुंदर-प्रसिद्ध झरने हैं, जिसे देखने देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। इनमें से कुछ झरनों की विशेषताओं के बारे में यहां हम तुम्हें बता रहे हैं।

**दूसरा सबसे ऊंचा झरना:** बच्चो, देश का दूसरा सबसे ऊंचा झरना ओडिशा के मयूर भंज जिले के सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है। यह बरेहीपानी नाम से जाना जाता है। यह झरना 399 मी. (1,309 फीट) की ऊंचाई से गिरता है। बरेहीपानी झरना देखने के लिए पर्यटकों को कोई परमिशन नहीं लेनी पड़ती। लेकिन चूंकि यह झरना सिमलीपाल नेशनल पार्क में स्थित है, इसलिए नेशनल पार्क में प्रवेश करने के लिए वन विभाग से परमिट लेना जरूरी होता है। यह परमिट पार्क के एंट्री गेट पर मिल जाता है।



**सबसे ऊंचा झरना:** कर्नाटक के शिवमोग्गा (शिमोगा) जिले के अगुंबे वर्षावन में स्थित कुंचिकल झरना भारत का सबसे ऊंचा झरना है। यह झरना 455 मी. (1,493 फीट) ऊंचा है और इससे गिरने वाले जल का मुख्य स्रोत कर्नाटक की वाराही नदी है। बच्चो, यह झरना कुंचिकल हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट क्षेत्र में स्थित है। यह स्थान प्रतिबंधित क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां बिना अनुमति के प्रवेश वर्जित होता है। पर्यटकों को यहां तक जाने के लिए कर्नाटक पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड से अनुमति लेनी पड़ती है।

**तीसरा सबसे ऊंचा झरना:** अपने देश का तीसरा सबसे ऊंचा झरना, पूर्वोत्तर राज्य मेघालय में चेरापूंजी के पास नोहकलिकई नामक झरना है, जो 340 मी. (1,115 फीट) ऊंचाई से गिरता है। इस झरने के व्यू प्वॉइंट तक जाने के लिए मेघालय पर्यटन विभाग को फिक्स एंट्री-फी देनी होती है। *



कविता / अरुण आदित्य

## खुशी



फूल टहनियों पर खुश रहते
तितली फूलों पर
चिड़ियां पेड़ों पर खुश रहतीं
बच्चे झूलों पर।
चांद आसमां में खुश रहता
मछली पानी में
पानी नदियां में खुश रहता
नदी रवानी में।
फुलवारी से फूल न तोड़ो
तितली को मत पकड़ो
चिड़ियों को आजादी प्यारी
पिंजरे में मत जकड़ो।
चांद पे झूला डाल के झूलो
नदियों को बहने दो
जिसको जहां खुशी मिलती है
उसे वहीं रहने दो।

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## मिथकों से विज्ञान तक




हाल में किशोरों के लिए एक बहुत रोचक-ज्ञानवर्धक किताब आई है-मिथकों से विज्ञान तक। इसके लेखक हैं प्रसिद्ध वैज्ञानिक गौहर रजा। यह किताब तुम्हें कई सवालों के जवाब देगी जैसे कि ब्रह्मांड कैसे बना और समय के साथ उसमें क्या-क्या बदलाव आए? विज्ञान और मिथकों में क्या फर्क है? विज्ञान और धर्म एक-दूसरे के विरोधी हैं या पूरक? इस किताब में दुनिया भर के मिथकों के उदाहरण देकर विज्ञान की कसौटी पर उन्हें परखा गया है। किताब में ऐसे भी उदाहरण दिए गए हैं, जिससे तुमको मनोरंजन और ज्ञान दोनों मिलेगा। अगर तुम्हारी विज्ञान में रुचि है तो इस किताब को जरूर पढ़ना चाहिए। *

**किताब :** मिथकों से विज्ञान तक, **लेखक :** गौहर रजा,
**मूल्य :** 299 रुपए, **प्रकाशक :** पेंगुइन, स्वदेश

## जीके क्विज-176



1. साल 2025 में शांति का नोबेल पुरस्कार किसे मिला है?
2. भारत के वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं?
3. संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
4. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
5. विश्वनाथन आनंद का संबंध किस खेल से है?
6. गाजर में कौन सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
7. श्वेत क्रांति (व्हाइट रिवोल्यूशन) का संबंध किससे है?
8. भारत का दक्षिणतम बिंदु किस नाम से जाना जाता है?
9. भारत में सबसे पहले सूर्योदय किस राज्य में दिखता है?
10. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?

बच्चों, जीके क्विज-176 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-175 का उत्तर :** 1.लास्जलो क्रास्जनाहोरकाई, 2.स्वामी विवेकानंद, 3.कार्तिक, 4. प्रशांत महासागर, 5.गुजरात, 6.स्टेपीज, 7.दयानंद सरस्वती, 8.प्रकाश वर्ष, 9.पेरिस (फ्रांस), 10.बाल गंगाधर तिलक

**जीके क्विज-175 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आशुतोष-रायपुर, कमल-बिलासपुर, राजन-भोपाल, शिखर-बालोद, जतिन-दिल्ली, कुसुम-बेमेतरा, प्रियांक-बलौदा बाजार, सोहम-कांकेर, अविनाश-गुना, राखी-दुर्ग

बूढ़े कछुए ने आरसी को बताया कि समुद्र में इंसानों द्वारा फेंका गया प्लास्टिक कचरा समुद्र और समुद्री जीवों के लिए बहुत घातक है। आरसी ने तय किया वह प्रयास करेगा, ऐसा ना हो। क्या आरसी अपने प्रयास में सफल हुआ?

# जल की पुकार





कहानी

कल्पना मनोरमा

कपड़े के थैले इस्तेमाल करें और प्लास्टिक भूल जाएं, तो समुद्री जीवों की जान बच सकती है, समुद्र जहरीला नहीं, साफ-सुथरा रहेगा।' बूढ़े कछुए ने दूसरे किनारे की ओर पड़े प्लास्टिक कचरे की ओर इशारा किया। आरसी ने देखा- एक छोटी मछली प्लास्टिक के बड़े टुकड़े में उलझकर तड़प रही है। पास ही एक कछुआ बेसुध पड़ा है। आरसी की आंखें भर आईं। उसने धीमे से पूछा, 'क्या इंसान नहीं जानता कि वह कुदरत को बिगाड़ रहा है?'

बूढ़े कछुए ने सिर हिलाया, 'कुछ जानते हैं, कुछ नहीं। लेकिन जब बच्चे सच बोलते हैं, तो बड़े भी सुनते हैं।'

आरसी ने गहरी सांस ली और बोला, 'मैं सभी की आवाज बनूंगा। मैं जल की पुकार बनूंगा।'

उस दिन से आरसी ने एक नया खेल खेलना शुरू किया। वह समुद्र किनारे जाकर चिल्लाता, 'सुनो, सुनो! जल कुछ कहता है—प्लास्टिक मत फेंको!'

शुरू-शुरू में बच्चे आरसी की इस गुहार पर हंसते, लेकिन धीरे-धीरे वे अपने खेल का सामान, खाना-पीना थैले में लेकर आने लगे। समुद्र में कुछ नहीं बहाते। समुद्र का किनारा साफ रहने लगा। एक दिन आरसी ने देखा- लहरें मानो ताली बजा रही हैं।

पानी के भीतर से मधुर स्वर गूंज रहा था- 'जल की पुकार सुनो, जीवों की रक्षा करो।'

आरसी ने बूढ़े कछुए को खोजकर अपनी सफलता बताई। बूढ़ा कछुआ मुस्कुराया, 'देखा, आरसी! यही असली बदलाव है। जब बच्चे सच बोलते हैं, तो बड़े भी सुनते हैं।'

आरसी उस रात चांद के साथ समुद्र के किनारे बहुत देर तक घूमता रहा। *




कहानी

प्रकाश मनु

धरती पर चमेली के फूल ऐसे ही नहीं खिले, इसके पीछे एक अजीबो-गरीब कहानी है, जो एक भोली-भाली लड़की के अद्भुत साहस की कहानी है।

# खिल उठे चमेली के फूल



एक थी चमेली। बड़ी ही सुंदर और भोली-भाली, लेकिन वह दिलेर भी कम न थी। गांव में जो काम कोई बच्चा नहीं कर पाता, उसे चमेली झट कर दिखाती। उसकी हिम्मत देखकर बच्चे ही नहीं, बड़े भी हैरान होते।

एक दिन, चमेली अपनी सहेलियों से बात कर रही थी। तभी किसी ने कहा, 'अगर इतनी ही होशियार हो तो क्या तुम अक्का बाबा का मोती ला सकती हो?'

'अक्का बाबा का मोती!' चमेली चकराई। अभी तक तो किसी ने यह सोचा भी नहीं था। कहते हैं, सैकड़ों बरस पहले सामने वाले पहाड़ की ऊंची चोटी पर रहते थे अक्का बाबा। उनके पास एक विचित्र मोती था। खूब बड़ा। नीचे धरती से उस मोती को देखने पर एकदम गोल-गोल चांद सरीखा लगता। अक्का बाबा कहा करते थे, 'यह खुशहाली का मोती है, पर इसे धरती पर ले जाना कोई खेल नहीं।'

सचमुच बहुतों ने कोशिश की, पर अक्का बाबा के उस मोती को कोई छू भी नहीं पाया। बड़ी ही कठिन चढ़ाई थी वहां की। पर चमेली ने सुना तो झट से बोली, 'हां-हां, क्यों नहीं?' और उसी समय चमेली ने पहाड़ पर चढ़ना शुरू कर दिया। शाम का समय था। चमेली तेजी से पहाड़ पर चढ़ती जा रही थी। कुछ देर में रात हो गई। सारे कबीले के लोग हैरानी से चमेली को देख रहे थे, जो सीधे खड़े पहाड़ पर बड़ी हिम्मत से चढ़ती जा रही थी।

वह पूनम की चांदनी रात थी। सब ओर चांदनी बिखरी हुई थी। इसलिए दुर्गम पहाड़ पर तेजी से चढ़ती चमेली हर किसी को नजर आ रही थी। सभी उसकी हिम्मत की दाद दे रहे थे। चलते-चलते चमेली आखिर पहाड़ की चोटी पर पहुंची। उसने अक्का बाबा का मोती उठाया और फौरन वापस नीचे की ओर चल दी। ऐसा लगता था, आसमान के चांद की तरह चमेली की हथेली पर भी एक चांद रखा है, जिसे लिए-लिए वह धरती पर आ रही है।

सुबह चमेली धरती पर आई, तो कबीले के लोगों ने हैरानी से देखा कि सांवले रंग की चमेली अब एकदम चांदनी जैसी उजली हो गई थी। पता नहीं, यह पूनम की चांदनी का असर था या फिर उस बड़े से श्वेत मोती का, जो अब चमेली के हाथ में था। पर जैसे ही चमेली ने वह अनोखा मोती अपनी सहेलियों को दिया, उनमें पहले उसे लेने की होड़ लग गई। और फिर न जाने कब वह धरती पर गिरा और टूट कर छोटे-छोटे टुकड़ों में बंट गया।

तभी एक और चमत्कार हुआ। लोगों ने देखा, चमेली अब अदृश्य हो चुकी थी और जहां वह मोती टूट कर गिरा था, वहां छोटे-छोटे सुंदर, महकते फूल खिल उठे थे। कबीले के लोगों ने उनका नाम रखा, चमेली के फूल। जहां-जहां उस कबीले के लोग गए, वहां-वहां पहुंचे चमेली के फूल और फिर एक दिन सारी धरती पर छा गए। *

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फुटबॉल खेल रहे लड़कों के दो चित्र दिए गए हैं। इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये पांचों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट पांच अंतर खोजो।




**उत्तर:** 1. स्ट्राइकर (गोल करने वाला खिलाड़ी) की दोनों आंखें बंद हैं। 2.स्ट्राइकर की जर्सी का नंबर बदला हुआ है। 3.स्ट्राइकर के दाहिने पैर के जूते पर धारियां बनी हुई हैं। 4.ऊपर आसमान में बादल के दो टुकड़े दिख रहे हैं। 5.मैदान में आगे कम घास उगी हुई है।

## सही मिलान करो

बच्चो, नीचे बाईं तरफ कुछ चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ उन चित्रों की परछाईं क्रमवार नहीं हैं। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से प्रत्येक चित्र के साथ उसकी सही परछाईं का मिलान करो।




उत्तर: 1-D, 2-C, 3-A, 4-B

## खबर संक्षेप

### रंजिशन हमला करने पर 13 नामजद

**जींद।** गांव दनौदा कलां में रजिशन हमला करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दनौदा कलां निवासी अमर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी दलीप परिवार के साथ रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते दलीप परिवार ने उनके परिवार पर हमला कर दिया।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो महिलाओं के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। नरवाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 21 को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। वहीं गांव डाहौला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस ने पुलिस को शिकायत दी है।

### मारपीट करने तथा फोन तोड़ने पर चार नामजद

**जींद।** गांव घसो में रंजिशन मारपीट करने तथा मोबाइल फोन तोडऩे पर उचाना थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव घसो निवासी ईश्वर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही रामनिवास परिवार से रंजिश चली आ रही है। गत दिवस आरोपितों ने उसे घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

### शराब ठेके से चोरी करने के चार आरोपित दबोचे

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने गांव बेरीखेडा में शराब ठेके का ताला तोड़ कर 17 हजार रुपये की नगदी तथा 60 अंग्रेजी शराब की कीमती बोतल चोरी करने के चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव बेरीखेड़ी शराब ठेके के सेल्जमैन रामभज ने गत 21 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि रात वह शराब ठेके को बंद कर खाना खाने घर चला गया।

### पराली के अवशेष जलाने पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव छात्तर में पराली के अवशेष फूंकने पर उचाना थाना पुलिस ने कृषि विभाग की शिकायत पर एक किसान के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कृषि विभाग के सुपरवाइजर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सरकार ने पराली अवशेष जलाने पर रोके लगाई हुई है। बावजूद इसके गांव छात्तर निवासी कुलदीप ने पराली अवशेषों को आग लगाई।

### जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता कल

**नरवाना।** जिला उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा प्रधान एवं दीवान बाल कृष्ण उप प्रधान के मार्गदर्शन में 14वीं जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता शनिवार को डीबीके इंटरनेशनल स्कूल नरवाना में आयोजित की जाएगी। जिला सचिव सुनील छाबड़ा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के सभी आयु वर्ग के लड़के एवं लड़कियां क्वाड व इनलाइन स्पीड में भाग ले सकते हैं।

### महिलाओं को आत्मरक्षा का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**जींद।** हरियाणा महिला विकास निगम की जिला प्रबंधक संतोष यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा जींद में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मारुति सुजुकी व अशोका लीलैंड कंपनी द्वारा संचालित अनुमोदित ड्राइवर प्रशिक्षण स्कूलों के माध्यम से 21 दिवसीय चालक प्रशिक्षण एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है।

### हत्या करने का एक आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने भड़ताना गांव में हुई व्यक्ति की हत्या के मामले में एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान जींद निवासी साहिल के रूप में हुई है। सीआइए सफीदों प्रभारी उप निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि 24 जून की रात को गांव भड़ताना में आपसी लड़ाई.झगड़े के दौरान रणधीर की हत्या कर दी गई।

---

*दो दिवसीय जिला स्तरीय कल्चरल फेस्ट की शुरुआत*

# ग्रुप फोक डांस में राजकीय कन्या वमावि नरवाना की टीम अव्वल

*उत्सव सांस्कृतिक मूल्यों के विकास का माध्यम बनेगा*

**बड़ौदा की टीम ने सांत्वना पुरस्कार जीता**

हरिभूमि न्यूज >> जींद

डिफेंस कालोनी स्थित राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय जिला स्तरीय कल्चरल फेस्ट की शुरुआत वीरवार को हुई। मुख्यअतिथि के रूप में डीपीसी रितु पंघाल एवं डिप्टी डीईओ प्रदीप दहिया ने दीप प्रज्वलन से की। वीरवार को 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं 24 अक्टूबर को कक्षा 5वीं से 8वीं के विद्यार्थी भाग लेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य नरेंद्र खटकड़ ने की। विद्यार्थियों ने सोलो डांस, फोक डांस, रागनी व स्किट जैसी विधाओं में भाग लिया। मुख्यातिथि ने कहा कि यह उत्सव विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक मूल्यों के विकास का माध्यम बनेगा। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान कर शिक्षा के साथ संस्कृति के आदर्श को साकार करेगा। सिर पे बंटा टोकनी, थाली बाजेगी बगड़ में, जित दूध दही का खाना देश में देश मेरा हरियाणा जैसी गानों पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति दी। मंच संचालन अशोक दीक्षित ने किया। स्किट में राजकीय कन्या वमावि बड़ौदा की टीम ने प्रथम, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिटानी की टीम दूसरे, राजकीय कन्या वमावि नरवाना की टीम तीसरे व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना की टीम ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। वहीं ग्रुप फोक डांस में राजकीय कन्या वमावि नरवाना की टीम प्रथम, राजकीय माडल संस्कृति वमावि पिल्लुखेड़ा की टीम दूसरे, राजकीय कन्या वमावि जींद की टीम तीसरे व राजकीय कन्या वमावि बड़ौदा की टीम ने सांत्वना पुरस्कार जीता। सोलो रागनी में राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों की टीम प्रथम, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद की टीम दूसरे, डिफेंस कालोनी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की टीम तीसरे व पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोधर की टीम ने सांत्वना पुरस्कार जीता।





जींद। प्रस्तुति देती छात्राएं और हौसला बढ़ाती हुई छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

---

# अवैध निर्माण पर तुरंत करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज >> कैथल


उपायुक्त प्रीति ने कहा कि किसी भी सूरत में अवैध कॉलोनियों के विकास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारी वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाएं और अवैध निर्माण पर तुरंत कार्रवाई करें। जिन स्थानों को अवैध कॉलोनी के रूप में चिन्हित किया गया है, उनके बाहर तुरंत अवैध कालोनी की सूचना देने वाले चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। इन बोर्डों पर स्पष्ट रूप से लिखा जाए कि यह कॉलोनी अवैध है और यहां प्लाट खरीदना या निर्माण करना कानूनी रूप से मान्य नहीं है।

### कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश

डीसी प्रीति वीरवार को अपने कार्यालय में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दे रहीं थीं। डीसी ने डीटीपी से जिले में अवैध कालोनियों को लेकर की जा रही आवश्यक कार्रवाई की जानकारी हासिल की। जिसमें डीटीपी ने पिछले माह चलाए गए तोड़फोड़ अभियान व पुलिस में दर्ज कराए गए केसों की जानकारी दी। डीपीटी ने डीसी को अवगत करवाया कि जिले में अभी छह नई अवैध कालोनियों की पहचान की गई है, जिन पर आगे नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।डीसी प्रीति ने संबंधित उपमंडल अधिकारी, जिला नगर योजनाकार विभाग तथा नगर परिषद/निगम के अधिकारियों को आपसी समन्वय से काम करने और समय-समय पर कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### अवैध कालोनियों में प्लाट आदि न खरीदें

डीसी ने आमजन का भी आह्वान किया कि वे केवल फुल पेमेंट इकरारनामे पर ही जमीन की खरीद-फरोख्त न करें। प्लाट आदि लेते समय कालोनी के संबंध में सारी आवश्यक जानकारी जुटाएं। साथ ही यदि कोई प्रॉपर्टी डीलर कालोनी के वैध होने का दावा करता है तो उसके लाइसेंस की जांच करें। सारे तथ्यों की पड़ताल उपरांत ही प्लाट या जमीन खरीदें। अन्यथा अवैध कालोनी में यदि वे प्लाट ले लेंगे तो उन्हें तोड़-फोड़ जैसी कार्रवाई का सामना करना पडेगा। साथ ही अपने खून-पसीने की कमाई का भी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए अवैध कालोनियों में प्लाट आदि न खरीदें। प्लाट खरीदने से पहले जमीन के संबंध में आवश्यक जानकारी जुटा लें।



पुंडरीक तीर्थ पर पूजा अर्चना करते विधायक जांबा व चेयरपर्सन बबली गोस्वामी।

### मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना लक्ष्य: बबली

**पूंडरी।** पूंडरी के ऐतिहासिक पुंडरीक तीर्थ पर दीपावली मेले का आयोजन अत्यंत भव्यता और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। मेले की सफलता के बाद नपा चेयरपर्सन बबली गोस्वामी एवं उनके प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी ने सभी पार्षदों, शहरवासियों और विशेष रूप से हलका विधायक सतपाल जांबा का आभार व्यक्त किया। चेयरपर्सन ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य हर नागरिक तक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। चेयरपर्सन बबली गोस्वामी, नगर पालिका पार्षद पूर्व अनाज मंडी प्रधान सतीश हजवाना, पार्षद दीपक सैनी, राजकुमार सैनी, संदीप सैनी, नसीब सैनी, नीरज सैनी, विक्की अटवाल, हिशम सिंह रंगा, साहब सिंह, अनिल कुमार, रवि कश्यप, जितेंद्र सिंह और डिंपी सैनी भी मौजूद थे।

### अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महासचिव बने अर्जुन गोयल

**नरवाना।** अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने प्रदेश अध्यक्ष तीर्थराज गर्ग से विचार विमर्श करके हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी की सूची जारी करते हुए नरवाना के अर्जुन गोयल को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया। उनकी इस नियुक्ति को लेकर अग्र बंधुओं में खुशी की लहर है। अर्जुन गोयल को जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि उनकी समाज के प्रति निष्ठा भाव से की गई सेवा को देखते हुए यह महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। वे इस पद पर रहते हुए संगठन को सशक्त बनाए तथा ज्यादा से ज्यादा समाज के लोगों को संगठन के साथ जोड़ें। नियुक्ति पर नवनियुक्त प्रदेश महासचिव अर्जुन गोयल ने अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल एवं प्रदेशाध्यक्ष तीर्थ राज गर्ग का आभार प्रकट करते कहा कि वे अपने कार्यकाल के दौरान समाज द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठाए समर्पण और पारदर्शिता के साथ निभाएंगे। वे सेवाए सहयोग और संगठन की भावना को आगे बढ़ाते समाज के विकास के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे।

---

### जनविरोधी नीतियों के चलेगा खिलाफ

**ढांड।** एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) पार्टी की जिला स्तरीय बैठक पार्टी कार्यालय ढांड में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य कामरेड सत्यवान एवं राज्य सचिव कामरेड राजेन्द्र सिंह ने की, जबकि संचालन जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा ने किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि देश के मेहनतकश वर्ग का निरंतर शोषण किया जा रहा है, जबकि कुछ गिने-चुने पूंजीपतियों की तिजोरियां भरती जा रही हैं। किसानों को अपनी फसलें औने-पौने दामों में बेचने के लिए मजबूर किया जा रहा है। अपराधों में कमी आने की बजाय वृद्धि हो रही है। जब आम नागरिक अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरते हैं तो उनके साथ दमनात्मक कार्रवाई की जाती है, यहां तक कि उन पर झूठे मुकदमे व देशद्रोह जैसी धाराएं तक लगाई जाती हैं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मौजूदा हालात में आम जनता को संगठित होकर आवाज उठानी होगी। पार्टी जात-पात, धर्म और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर जनता को एकजुट करने का काम कर रही है।



ढांड। बैठक में भाग लेते कमेटी सदस्य। फोटो :हरिभूमि



बावडी का निरीक्षण करते अखिल भारतीय हिन्दू महासंघ के पदाधिकारी।

### बावडी पुर्ननिर्माण का किया निरीक्षण

**कैथल।** अखिल भारतीय हिन्दू महासंघ कैथल ने नगर में हो रहे बावडी पुर्ननिर्माण का निरीक्षण किया। अखिल भारतीय हिन्दू महासंघ कैथल ने कैथल नगर में पुराना सिविल हस्पताल के पास प्राचीन बावडी के पुर्न निर्माण के कार्य का निरीक्षण किया। ज्ञात रहे कि लगभग 25 वर्ष्ढ पूर्व महांसध एवं कैथल उत्थान समिति ने कैथल नगर के प्राचीन स्थलो के पुर्न निर्माण जिसमें महाभारत कालीन नवग्रह कुण्ड भी यामिल है का सौदर्यकरण करने का बीडा उठाया था। पूर्व की सरकार ने इस ओर कोई ध्यान नही दिया। बावडी उस समय गंदगी के ढेर हुआ करते थे समिति व महासंघ की अपील पर वर्तमान सरकार ने इस बावडी की सुध ली तथा अब नप ने उसे एक विषेढ्ढ योजना के अंतर्गत् युरू किया। चेयरमैन सतपाल ने बताया कि महासंघ मुख्यमंत्री व हरियाणा सरकार की आग्रणी है उन्होने आगे बोलते कहा कि प्राचीन समय जब बाल अवस्था में मै अपनी दादी माता के साथ कई बार बावडी में स्नान करने आया करते थे उन्होने बताया कि इस बावडी में स्नान करने से चर्मरोग का छुटकारा मिलता है।

### बेसिक फर्स्ट एड जागरूकता सेमिनार

**कैथल।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी कैथल द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय अटेला में एक दिवसीय बेसिक फर्स्ट एड एवं जागरूकता सेमिनार में प्राथमिक उपचार के बारे में जागरूक किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में तुरंत एवं सही तरीके से प्राथमिक चिकित्सा देने के लिए तैयार करना था। रेडक्रास सचिव रामजी लाल ने बताया कि सड़क दुर्घटनाएं एवं अन्य आपात स्थिति कभी भी हो सकती है और ऐसे समय में सही प्राथमिक उपचार से कई जान बचाई जा सकती हैं। प्रशिक्षण में उन्हें घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचने से पहले किस तरह की स्थिति में लेकर जाना चाहिए, यह तरीके सिखाए गए। यह प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. बीरबल दलाल द्वारा दिया गया। उन्होंने दुर्घटना स्थल पर घायल व्यक्ति को संभालने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर जोर दिया प्रशिक्षण के दौरान किसी घायल व्यक्ति को चोट लगी है बेहोशी, रक्तस्राव को रोकने, डूबते व्यक्ति को बचाने, सांप काटे व्यक्ति को, कुत्ते काटे व्यक्ति को, या किसी व्यक्ति का किसी कारण से सांस रुक गया है।



कैथल। डा. बीरबल दलाल विद्यार्थियों को संबोधित करते। फोटो :हरिभूमि



कैथल। भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### भगवान विश्वकर्मा जयंती पर लगाया भंडारा

**कैथल।** भगवान विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में विश्वकर्मा प्रचार सभा कैथल की मालकपुरिया मुहल्ला मुख्य धर्मशाला में हवन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक आदित्य सुरजेवाला ने शिरकत की। संस्था के प्रधान जयदेव धीमान ने बताया की हर वर्ष विश्वकर्मा जयंती के आगले दिन भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर झांकिया भी निकाली जाति है। विश्वकर्मा समस्त संसार के गुरु हैं। इस मौके पर रामलाल धीमान, तेजभान धीमान,लोकेश धीमान,रामकुमार धीमान, दीपक, अनूप धीमान, कपिल, पंकज, सौरभ, ललित भास्कर, सचिन आदि उपस्थित रहे।

---



जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते एडीसी विवेक आर्य। फोटो :हरिभूमि

### रन फॉर यूनिटी का आयोजन 31 को

**जींद।** एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति इस बार भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें खिलाड़ी, स्कूल, कॉलेज, धार्मिक संस्थाओं के हजारों युवा भाग लेगें। समरसता की मिसाल पेश करती यह दौड़ पुलिस लाइन से एकलव्य स्टेडियम तक आयोजित की जाएगी। दौड़ में भाग लेने वाले युवाओं को डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। एडीसी विवेक आर्य ने गुरूवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को कहा कि 31 अक्टूबर की सुबह सात बजे आयोजित होने वाली रन फॉर यूनिटी के लिए सुरक्षित व व्यवस्थित रूट प्लान तैयार किया जाएं। जिसके लिए इस दौड़ में किसी प्रकार की प्रतियोगिता नही होगी। इसका उद्देश्य केवल राष्ट्रीय एकता, भाईचारा और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है।

# 34 किलोग्राम में पलक ने मारी बाजी

*जिला स्तरीय स्कूल खेल और गायन स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा*

हरिभूमि न्यूज >> नरवाना

जिला स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता और गायन प्रतियोगिता में शिक्षा भारती मॉडल स्कूल उझाना के छात्र व छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और मेहनत का शानदार प्रदर्शन किया। विशेष रूप से अंडर 11 कुश्ती प्रतियोगिता में स्कूल के छात्र व छात्राओं ने अपना दबदबा कायम रखते हुए कई पदक अपने नाम किए। 34 किलोग्राम भार वर्ग में पलक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। अपनी तकनीक और ताकत के बल पर पलक ने सभी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते पहला स्थान प्राप्त किया।



नरवाना। शिक्षा भारती मॉडल स्कूल के विजेता बच्चे स्टाप के साथ। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

वहीं 32 किलोग्राम भार वर्ग में तमन्ना ने कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया और स्कूल का नाम रोशन किया। तमन्ना के साहसिक प्रदर्शन ने सभी को प्रभावित किया। इसके अलावा चांसी आर्य ने भी अपनी श्रेणी में बेहतरीन कुश्ती का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया और स्कूल के खेल इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया। इसी प्रतियोगिता में स्कूल के छात्रों ने समूह गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और रागिनी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया । इन छात्र.छात्राओं ने कई हफ्तों की कड़ी मेहनत और लगातार अभ्यास के बाद यह सफलता हासिल की। स्कूल के कोचिंग स्टाफ के मार्गदर्शन में इन छात्राओं ने अपनी तकनीक को निखारा और शारीरिक फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल चहल ने सभी छात्र, छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता स्कूल के गुणवत्तापूर्ण खेल प्रशिक्षण और छात्रों की अथक मेहनत का परिणाम है।



उचाना। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री को सम्मानित करत हुए। फोटो :हरिभूमि

### मंदिर जीर्णोद्धार के कार्य का शुभारंभ

**उचाना।** नरवाना बाईपास पर पालवां जलघर के पास दादी सती माता मंदिर जीर्णोद्धार कार्य का विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा शुभारंभ किया। मंत्रोच्चारण भारतेंदु शांडिल्य ने किया। विधायक ने कहा कि आस्था में सबसे बड़ी शक्ति होती है। आस्था के बिना जीवन में कुछ नहीं है। जीवन में आस्था का होना सबसे जरूरी है। सच्चे मन से आस्था से सब कुछ संभव होता है। आस्था में बड़ी ताकत होती है। संजय शर्मा पालवां ने बताया कि दादी सती माता अत्री फूलडिय़ा परिवार की कुल देवी है। यहां पर ये प्राचीन मंदिर है। दीपावली के बाद अमावस्या पर यहां पर पूजा-अर्चना होती है। पालवां, खरकभूरा, काब्रच्छा, कसूहन सहित जिस भी गांव में अत्री फूलडिय़ा परिवार है वो यहां पर पूजा-अर्चना को आते है। मंदिर जीर्णोद्धार का कार्य शुरू हो चुका है जो करीब एक साल तक चलेगा। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, रामचंद्र अत्री, सुभाष शर्मा, बनवारी लाल, सुरेश शर्मा, देशराज खरकभूरा, रामभगत शर्मा, तिलक राम शर्मा मौजूद रहे।

---

**नवीन जिंदल के आह्वान पर सांसद खेल महोत्सव में युवा दिखा रहे रूचि**

# तीन लाख से अधिक प्रतिभागी करवा चुके पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज >> कैथल

सांसद नवीन जिन्दल के नेतृत्व में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में युवाओं का उत्साह दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में अब तक तीन लाख से अधिक प्रतिभागियों का पंजीकरण हो चुका है। यहां के युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान के संदेश को भी जन-जन तक पहुंचाता प्रतीत हो रहा है। सांसद नवीन जिन्दल स्वयं एक खिलाड़ी हैं और सांसद खेल महोत्सव को लेकर बेहद उत्साहित हैं। सांसद नवीन जिन्दल इन खेलों के पंजीकरण से लेकर आयोजन तक की प्रत्येक गतिविधि पर व्यक्तिगत रूप से नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम को निर्देश दिए हैं कि इस खेल महोत्सव को कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में भव्य और व्यवस्थित रूप से आयोजित किया जाए। सांसद जिंदल ने हाल ही में कलायत और कैथल में कार्यक्मों के दौरान जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे खेलों के सफल आयोजन में पूरा सहयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि सभी खेल स्टेडियमों में खिलाडियों के लिए आवश्यक सुविधाएं जैसे कि पानी, स्वच्छता, फर्स्ट एड, और तकनीकी सहयोग समय पर उपलब्ध कराई जाए ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



कैथल। सांसद नवीन जिंदल का स्वागत करते भाजपा नेता मुनीश कठवाड व अन्य

### खेलों को अपनाने का आह्वान

सांसद कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल का मानना है कि इस आयोजन से क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को पहचान मिलेगी और ग्रामीण अंचलों में भी खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी। कहा कि इन खेलों के माध्यम से फिटनेस और टीम भावना को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही युवाओं में आत्मविश्वास और अनुशासन का भी विकास होगा। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल के अनुसार सांसद खेल महोत्सव सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा देने, उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का एक अभियान है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों और युवाओं से अपील की कि वे खेलों में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिंदल का विश्वास है कि युवाओं की यह भागीदारी विकसित भारत-स्वस्थ भारत के निर्माण में एक नई ऊर्जा का संचार करेगी।



जुलाना। मंडी में धान की सफाई करते हुए मजदूर। फोटो :हरिभूमि

### जुलाना में धान की आवक तेज

**जुलाना।** अनाज मंडी में धान की आवक लगातार बढ़ती जा रही है। मंडी में अब तक कुल 1,12,462 क्विंटल धान पहुंच चुका है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में 66 प्रतिशत अधिक है जो इस बार की फसल की बंपर पैदावार और बेहतर कीमतों का संकेत दे रहा है। मंडी में अब तक सबसे ज्यादा 1509 दर्ज की गई। इसमें सर्वाधिक हिस्सा 1509 किस्म के धान का रहा। जिसकी अब तक 1,08,693 क्विंटल आवक हुई है। मंडी में 1509 धान का भाव 2610 से 2850 प्रति क्विंटल तक रहा। वहीं बासमती 1121 किस्म की आवक 3,579 क्विंटल रही। जिसका भाव 3550 से 4200 प्रति क्विंटल तक रहा। किसानों ने बताया कि इस बार मौसम ने साथ दिया। जिससे धान की फसल अच्छी हुई और उत्पादन में बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। बाजरा की आवक में भी इस साल जबरदस्त बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। पिछले साल जहां 3,319 क्विंटल बाजरा मंडी में पहुंचा था। वहीं इस बार अब तक 6,444 क्विंटल बाजरा की आवक हो चुकी है। जो करीब 94 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसका भाव 1888 से दो हजार रुपये प्रति क्विंटल चल रहा है।






जींद। भैया दूज पर भाई को तिलक करते हुए बहन व भैया दूज पर्व को लेकर एकत्रित हुआ परिवार।

## जिलेभर में श्रद्धा व धूमधाम से मनाया भाई दूज का त्यौहार, भाइयों ने बहनों को दिए उपहार

# बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर लंबी उम्र की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलेभर में गुरुवार को भाई दूज का पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। यह पर्व भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक है। मान्यता है कि इस दिन बहन के द्वारा भाई की लंबी आयु की कामना की जाती है। धर्म ग्रंथों के अनुसार कार्तिक शुक्ल द्वितीय के दिन ही यमुना ने अपने भाई यम को अपने घर बुला कर सत्कार करके भोजन कराया था।

इसीलिए इस त्योहार को यम द्वितीय के नाम से भी जाना जाता है। तब यमराज ने प्रसन्न होकर उसे यह वर दिया था कि जो व्यक्ति इस दिन यमुना में स्नान करके यम का पूजन करेगा, मृत्यु के पश्चात उसे यमलोक में नहीं जाना पड़ेगा। इस दिन बहन अपने भाई को तिलक कर उसकी दीर्घायु तथा अपने सुहाग की रक्षा के लिए हाथ जोड़ कर यमराज से प्रार्थना करती हैं। इस दिन यमराज को तृप्त और प्रसन्न करने से पूजन करने वालों को मनोवांछित फल मिलता है।

धन-धान्य, यश एवं दीर्घायु की प्राप्ति होती है। हालांकि तकनीकि युग में भाई-बहन वहाट्सअप व फेसबुक पर इस त्यौहार की बधाई देकर अपना काम चला देते हैं, मगर जो खुशी सामने बैठ कर तिलक लगाने में वह वहाट्सअप व फेसबुक में नहीं। यह त्यौहार समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम करता है। देश को भी अपना परिवार समझ कर हमें मिल जुलकर भाईचारे से रहना चाहिए तभी देश प्रगति की राह की ओर अग्रसर होगा।

### भाई दूज के महत्व के बारे में बताया

उचाना संवाददाता के अनुसार भाई दूज का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया। बहनों ने भाई को तिलक करके लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट किए। दिवाली के बाद भैया दूज का पर्व मनाया जाता है। पुजारी पं. अशोक शर्मा ने कहा कि भाई दूज के महत्व के बारे में बताते हुए कहा इस दिन बहनें अपने भाइयों के मस्तक पर तिलक लगा कर उनकी सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना करती है। भाई दूज के अवसर पर यमराज ने अपनी बहन यमुना को वरदान दिया था कि जो भी भाई यम द्वितीया के दिन अपनी बहन से टीका लगवाएगा और बहन के हाथों से बना भोजन करेगा उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहेगा। ऐसी मान्यता है आज के दिन जो भाई-बहन मथुरा में यमुनाजी के विश्राम घाट पर स्नान करते हैं।

## बहनों ने शुभ मुहूर्त में भाइयों के माथे पर श्रद्धापूर्वक टीका किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

दीपावली के दो दिन बाद कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व भाई दूज को पारंपरिक हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही ग्रामीण अंचलों में विशेष उत्साह का माहौल था। विवाहित और अविवाहित बहनें पारंपरिक वेशभूषा में अपने भाइयों के घर पहुंचीं। उन्होंने पूजा की थाली में रोली, चावल और मिठाई सजाकर शुभ मुहूर्त में भाइयों के माथे पर श्रद्धापूर्वक टीका किया। भाई दूज को यम द्वितीया और भातृ द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। यह त्योहार भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है। रक्षाबंधन पर जहां बहन भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती है, वहीं भाई दूज पर वह उसके माथे पर तिलक लगाकर सुख, समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना करती है। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार दिए और जीवन भर उनकी रक्षा करने का वचन दोहराया।





## भैयादूज पर सड़कों पर उमड़ा वाहनों का सैलाब, कई जगह जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल/पूंडरी/राजौंद

जिले भर में भैयादूज का पर्व गुरुवार को बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर का माहौल पूरी तरह से त्योहारमय दिखाई दिया। भाइयों-बहनों के बीच प्रेम और स्नेह का प्रतीक यह पर्व पूरे दिन उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया गया। सुबह से ही पूंडरी शहर की गलियां और मुख्य सड़कें चहल-पहल से भरी नजर आईं। भाइयों के अपनी बहनों के घर आने-जाने का सिलसिला तड़के ही शुरू हो गया था, जिससे पूरे दिन शहर की सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बनी रही। त्योहार की भीड़ के चलते गुरु ब्रह्मानंद चौक और गिरधरलाल अहलूवालिया चौक पर सुबह के समय करीब आधे घंटे से लेकर एक घंटे तक ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही।जाम को खुलवाने के लिए पुलिस प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बावजूद इसके, लोग खुशी-खुशी अपने गंतव्य की ओर रवाना होते नजर आए। हिंदू सनातन संस्कृति में भाई दूज का पर्व विशेष महत्व रखता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु और समृद्धि की कामना करती हैं, वहीं भाई अपनी बहनों की रक्षा और स्नेह का वचन देते हैं। नगर में कई परिवारों ने इस अवसर पर विशेष पूजन-अर्चना की और पारिवारिक मिलन का आनंद लिया।

### बहनों ने बांधा रक्षा सूत्र

राजौंद । भाई-बहन के प्यार का प्रतीक भैयादूज पर्व र में धूमधाम के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों को तिलक कर उनकी लंबी आयु की कामना की। वहीं इस त्यौहार पर मिठाईयों की दुकानों पर मिठाई खरीदने का सिलसिला जारी रहा। दूर-दराज से भाईयों ने बहनों के पास पहुंचकर तिलक करवाया, वहीं कई स्थानों से बहनों ने भाईयों के पास पहुंचकर तिलक लगा लंबी आयु की कामना की। भैयादूज को टीके के नाम से भी जाना जाता है। शनिवार को बसों में भैयादूज के चलते यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली तथा कस्बा से गुजरने वाली प्रत्येक बस ऊपर-नीचे भर-भर कर गुजर रही थी।

## 8 को शिक्षा मंत्री के कैंप कार्यालय पर करेंगे प्रदर्शन : किठानिया



कैथल। जानकारी देते अध्यापक नेता फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा,जिला प्रधान रामफल दयोहरा, जिला सचिव अमर नाथ किठानिया, शीशपाल शर्मा, विद्यावती, संगीता अहलावत,शमशेर कालिया सुरेश द्राविड़ ,कर्मचंद केसर,गुरमीत सिंह, जोगिंद्र सिंह,कृष्ण आर्य , सतपाल पांचाल, राजकुमार कश्यप, जयभगवान चौहान,मस्त राम शास्त्री, वीरेंद्र ढुल व संदीप जालंधरा ने सयुक्त प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि शिक्षकों की स्थानांतरण नीति को तर्कसंगत बनाए जाने, एसीपी के लंबित लाभों को तुरंत देने, शिक्षकों के कैशलेस मेडिकल सुविधाओं को अभिभावकों के लिए भी बिना आय सीमा के शुरू करने तथा प्रदेश में 30 हजार से अधिक खाली पड़े शिक्षकीय पदों पर नियमित भर्ती, छात्रों की प्रोत्साहन राशि, गैर शैक्षणिक कार्यों की अधिकता पर रोक लगाने, टेट बारे पुनर्विचार याचिका डालने, मुख्याध्यापक पद पद पर पदोन्नति आदि मांगें एवं मांग पत्र में शामिल मांगें प्रमुख रूप में उठाई गई।

## शिक्षकों के स्थानांतरण, एसीपी, मेडिकल सुविधा और 30 हजार रिक्त पदों पर भर्ती की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अक्षर भवन में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की बैठक गुरूवार को जिला प्रधान हैप्पी मोर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसका संचालन महासचिव मामराज ने किया। बैठक में मुख्य रूप से शिक्षकों के स्थानांतरण नीति को तर्कसंगत बनाए जाने, एसीपी के लंबित लाभों को तुरंत देने, शिक्षकों के कैशलेस मेडिकल सुविधाओं को अभिभावकों के लिए भी बिना आय सीमा के शुरू करने तथा प्रदेश में 30 हजार से अधिक खाली पड़े शिक्षकीय पदों पर नियमित भर्ती, छात्रों की प्रोत्साहन राशिए गैर शैक्षणिक कार्यों की अधिकता पर रोक लगाने, टेट बारे पुनर्विचार याचिका डालने, मुख्याध्यापक पद पर पदोन्नति आदि मांगों पर विचार हुआ। उन्होंने कहा कि संघ केवल वेतन, भत्तों की लड़ाई नही लड़ता बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी समझता है।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश में सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। शहरों की बाहरी बस्तियों में आवश्यकता अनुसार नए विद्यालय खोले जाएं, चिराग योजना को तत्काल बंद किया जाए तथा अध्यापकों से गैर शैक्षणिक कार्य लेना बंद हो।

शिक्षा पर जीडीपी का 6 प्रतिशत, केंद्रीय बजट का 10 प्रतिशत और राज्य बजट का कम से कम 30 प्रतिशत खर्च होना चाहिए। संघ ने 2009 से स्थिर पड़ी बच्चों की इंसेंटिव राशियों एवं ग्रांटों को चार गुना बढ़ाने, विद्यालय सौंदर्यीकरण एवं मरम्मत अनुदान को बढ़ाने, सभी अध्यापकों को समान वेतन, भत्ते और सुविधाएं देने की मांग की। जिला प्रचार सचिव शमशेर सिंह कौशिक ने कहा कि दो वर्ष की सेवा पूरी करने वाले अतिथि, कंप्यूटर, एचकेआरएन, आरोही, केजीबीवी एवं वोकेशनल अध्यापकों को नियमित किए जाने तथा नियमितीकरण तक मूल वेतन, महंगाई भत्ता और वार्षिक वृद्धि की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता बताई गई।

## किसानों, खेत मजदूरों की मांगों को लेकर 26 को करेंगे प्रदर्शन



जींद। बैठक में भाग लेते हुए सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सुबे सिंह स्मारक में वीरवार को सीटू, किसान सभा व खेत मजदूर यूनियन की संयुक्त बैठक जिला प्रधान रमेश चंद्र की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए किसान सभा के राज्यध्यक्ष मास्टर बलबीर सिंह ने बताया कि गत 16 सितंबर को दिल्ली में तीनों संगठनों की राष्ट्रीय स्तर की संयुक्त कंवेशन हुई थी। जिसमें देशभर से मजदूर, किसानों व खेत मजदूरों ने हिस्सा लिया और पूरे देश में आगामी 26 नवंबर को जिलास्तर के संयुक्त प्रदर्शन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज देश व प्रदेश के हालात मजदूर, किसानों के खिलाफ हैं और मौजूदा कारपोरेट परस्त बीजेपी सरकार द्वारा किसान, मजदूरों को लगातार नुक्सान पहुंचाया जा रहा है। जब से बीजेपी देश व प्रदेश कि सत्ता पर बैठी है, मेहनतकश जनता को लूटने का काम ही किया है। जब किसान आंदोलन शुरू हुआ तो उसी वक्त ट्रेड यूनियनों की ऐतिहासिक हड़ताल हुई।

## जिले के 70 मेधावी विद्यार्थी करेंगे मध्यप्रदेश का भ्रमण

कैथल। जिले के 14 पीएमश्री स्कूलों के 70 मेधावी विद्यार्थी एडवेंचर कार्यक्रम के तहत मध्यप्रदेश के पंचमणि की सात दिवसीय यात्रा करेंगे। इन विद्यार्थियों के साथ तीन टीचर भी इस यात्रा में शामिल होंगे। शिक्षा विभाग ने इन विद्यार्थियों का चयन मेरिट के आधार पर किया है। इसी प्रकार से ही टीचरों की सिलेक्शन भी विभाग के पोर्टल में आवेदन करने के बाद हुई है। यह शिविर 24 से 30 अक्टूबर तक विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। समग्र शिक्षा विभाग कार्यालय के एपीसी कुशल कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों के इस दल को शिक्षा विभाग के अधिकारियों व शिक्षकों की देखरेख में शुक्रवार को भेजा जाएगा। इस शिविर के दौरान विद्यार्थियों को ट्रेकिंग, रॉक क्लाइंबिंग, रस्सी पर चलना, नदियों व झरनों के प्राकृतिक अध्ययन, वन्य जीवन संरक्षण देखेंगे।

## जिला प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर : एडीसी

# शिविर में पीपीपी, जल आपूर्ति, सड़क, पेंशन से जुड़ी समस्याएं सुनीं

> सभी विभाग अपने-अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित शिकायतों का समयबद्ध निवारण सुनिश्चित करें ताकि यह व्यवस्था निरंतर प्रभावी बनी रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लघु सचिवालय के सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों की प्रत्येक समस्या का समाधान पूरी गंभीरता और तत्परता से कर रहा है। शिविर में प्राप्त हर शिकायत पर तुरंत संज्ञान लिया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त ने शिविर में आई हर समस्या पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा के लिए लगाए जा रहे इन शिविरों का अधिक से अधिक लोग लाभ उठाएं। किसी को कोई दिक्कत आने नहीं दी जाएगी।



जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते एडीसी विवेक आर्य। फोटो : हरिभूमि

### सोमवार और वीरवार समाधान शिविर किए जा रहे हैं आयोजित

सभी विभाग अपने-अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित शिकायतों का समयबद्ध निवारण सुनिश्चित करें ताकि यह व्यवस्था निरंतर प्रभावी बनी रहे। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। इनमें मुख्य रूप से पीपीपी, जल आपूर्ति, सड़क मरम्मत, पेंशन से जुड़ी समस्याएं शामिल रही। उचाना से आए बलवान सिंह ने अपनी फैमिली आईडी में आय कम करवाने और गलत प्लाट के दर्ज होने की शिकायत दर्ज करवाई। चाबरी कॉलोनी वार्ड 23 से आए निवासियों ने गली की मरम्मत की मांग की। वहीं डीपो होल्डर विनोद कुमार ने कई महीनों से लंबित कमीशन का मुद्दा उठाया। इन सभी मामलों पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देशानुसार जिले में प्रत्येक सोमवार और वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जा सके। मुख्यमंत्री स्वयं इन शिविरों की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर रहे हैं। सरकार जनता की हर समस्या को लेकर गंभीर है।

### मृतक एएसआई परिजनों को सांत्वना देने के लिए पहुंचे विधायक

जुलाना। जुलाना कस्बे के वार्ड चार निवासी मृतक एएसआई संदीप लाठर के परिजनों को सांत्वना देने के लिए बरोदा के विधायक इंदुराज नरवाल पहुंचे। इंदुराज नरवाल ने कहा कि संदीप लाठर ने भ्रष्टाचार के खिलाफ शहादत दी है। सरकार से मांग है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। किसी सीटिंग जज से जांच करवानी चाहिए। कोई दोषी बचे नही और निर्दोष मामले में फंसे नही। पूरे प्रदेश और देश को यह लगे कि जांच सही चल रही है यही सरकार ने मांग है। इंदुराज नरवाल ने परिजनों को सांत्वना दी कि कांग्रेस पार्टी उनके साथ है और उन्हें पूरा न्याय दिलाया जाएगा।संदीप लाठर रोहतक में साइबर सेल में तैनात थेए तथा उनके द्वारा छोड़े गए सुसाइड नोट एवं वीडियो में उच्चाधिकारियों पर गंभीर भ्रष्टाचार एवं दबाव के आरोप लगाए गए थे।



परिजनों को सांत्वना देते बरोदा से विधायक इंदुराज नरवाल। फोटो : हरिभूमि